कार्यालय अधिष्ठाता
स्व. श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायगढ़ (छ.ग.)
Bendrachuwa, Raigarh, Chhattisgarh,ph-07762-220742
e-mail: gmcraigarh.2013@gmail.com ,Fax No. -07762-220741

क्रमांक / चिकि. / विकास / 2016 / 5091 रायगढ़, दिनांक 23/11/2016

# रूचि की अभिव्यक्ति

स्व0 श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायगढ़ के लिए नवनिर्मित 650 बिस्तर चिकित्सालय में 04 Modular O.T. का निर्माण किया जाना है। इस हेतु चिकित्सालय भवन के तृतीय तल में समस्त 04 Modular O.T. का निर्माण किया जाना है, जिनके लिए सिविल एवं इलेक्ट्रीकल कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

उक्त Modular O.T. का निर्माण हेतु कार्य का अनुभव रखने वाले व्यक्ति / फर्म जो इसमें रूचि रखते है, को निविदा पूर्व दिनांक 15.12.2016 को आयोजित प्री–बीड सम्मेलन हेतु आमंत्रित किया जाता है। जो व्यक्ति / फर्म इस सम्मेलन में भाग लेंगे, वे ही पूर्ण निविदा में भाग लेने हेतु पात्र रहेंगे। निविदादाता सम्मेलन में भाग लेने वाले समस्त व्यक्ति / फर्म को समस्त आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है। विस्तृत जानकारी हेतु महाविद्यालय के वेबसाईट www.gmcraigarh.com से संपर्क कर सकते हैं।

अधिष्ठाता
स्व श्री ल. अ. स्मृ. चि. महाविद्यालय
रायगढ़ (छ.ग.)

**नियम एवं शर्तें –**

1. कार्य पूर्णतः टर्न की प्रोजेक्ट के तहत होगा।
2. निविदा में अंकित कार्य का दर भारतीय मुद्रा में होना चाहिए।
3. मशीन नवीनतम मॉडल के लगाने होंगे।
4. निविदा दाता को 05 लाख की अमानत राशि, एफ.डी.आर. के रूप में जो अधिष्ठाता, स्व. श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायगढ़ (छ.ग.) के नाम पर हो, प्रस्तुत करना होगा।
5. समस्त दस्तावेज संतोष प्रद पाये जाने पर ही निविदादाता का पंजीयन होगा एवं मुख्य निविदा हेतु निविदा प्रपत्र प्रदान किया जायेगा।
6. निविदादाता को कम से कम 03, 350 बिस्तर के अस्पताल में मॉड्यूलर ओ.टी. बनाने का अनुभव होना चाहिए।
7. निविदा में अंकित दर अंकों में एवं शब्दों में दोनों प्रकार से होना चाहिए। दर हस्त लिखित नहीं होना चाहिए और किसी प्रकार का काट–छाट या व्हाईटनर का उपयोग नहीं होना चाहिए।
8. ऑपरेशन थियेटर के निर्माण हेतु आवश्यक सामाग्री के सप्लाई, परिवहन इत्यादि में होने वाले नुकसान का जोखिम फर्म/व्यक्ति का होगा।
9. टर्न की प्रोजेक्ट के तहत ऑपरेशन थियेटर निर्माण हेतु निर्धारित अवधि कार्य आदेश प्रेषित होने के दिनांक से 60 दिन होगा। उक्त अवधि पश्चात् सप्लाई हेतु 07 दिवस की मुहलत दिया जावेगा। उक्त मुहलत अवधि के पश्चात् भी सप्लाई नहीं होने की दशा में अर्थदण्ड के रूप में निम्नानुसार शुल्क लिया जायेगा –

| Delay | Penalty |
|---|---|
| Upto 60 days | 2% |
| 60 – 90 Days | 3% |
| Above 90 Days | 5% |

10. रूचि की अभिव्यक्ति के अनुसार मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर निर्माण का परीक्षण समिति के द्वारा किया जावेगा। निर्माण सही नहीं पाये जाने पर निर्माण कार्य को निरस्त कर दिया जावेगा एवं वापस भेजा दिया जावेगा जिसका पूर्ण भार व्यक्ति/फर्म के द्वारा वहन किया जावेगा एवं व्यक्ति/फर्म के द्वारा जमा किये गये अमानत राशि को भी राजसात कर लिया जावेगा।
11. सफल निविदादाता/फर्म को कुल कार्य आदेश मूल्य का 7.5 प्रतिशत परफॉरमेंस गारंटी क्रय आदेश प्राप्त करने के पूर्व प्रस्तुत करना होगा।

12. ऑपरेशन थियेटर निर्माण पश्चात् कम से कम 02 वर्ष का निःशुल्क अनुरक्षण कार्य का प्रावधान होना चाहिए। अनुरक्षण कार्य में किसी प्रकार का व्यय का भुगतान महाविद्यालय द्वारा नहीं किया जावेगा।
13. महाविद्यालय प्रबंधन किसी प्रकार के प्रस्ताव का स्वीकार या निरस्त कर सकती है। रूचि की अभिव्यक्ति के अंतर्गत नियमों में किसी भी प्रकार बदलाव कर सकती है। निर्माण में देरी होने पर ऑर्डर निरस्त करने का अधिकार भी महाविद्यालय प्रबंधन के पास सुरक्षित होगा।
14. किसी प्रकार के विवाद का निर्णय महाविद्यालय प्रबंधन के द्वारा किया जावेगा।
15. असफल व्यक्ति/फर्म को उनका अमानत राशि सफल व्यक्ति/फर्म को चुनने और उन्हें कार्य आदेश भेजने के पश्चात् वापस कर दिया जावेगा।
16. व्यक्ति/फर्म के द्वारा जमा किये गये अमानत राशि निम्न कारणों से राजसात किया जा सकता है –
    a. यदि व्यक्ति/फर्म निविदा अवधि के दौरान बीच में अपनी निविदा वापस ले लेता है।
    b. यदि यह सिद्ध हो जाता है कि व्यक्ति/फर्म के द्वारा प्रस्तुत किये गये जानकारी असत्य हैं।
    c. यदि सफल निविदादाता है तो–
        i. यदि वह निर्माण निर्धारित अवधि में न करे।
        ii. यदि निर्माण सही स्पेशिफिकेशन के अनुसार न हो।
17. प्राईज बीड का मूल्यांकन FOR शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रायगढ़ के आधार पर किया जावेगा, जिसमें समस्त टैक्स, भाड़ा, बीमा, इंस्टॉलेशन शुल्क, परिवहन व्यय इत्यादि शामिल होने चाहिए।

**<u>प्रीक्वालिफिकेशन</u>**

1. मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर हेतु सभी योग्य व्यक्ति/फर्म आमंत्रित है।
2. व्यक्ति/फर्म का PAN/TIN होना आवश्यक है।
3. यदि फर्म हो तो फर्म का पंजीयन प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना होगा।
4. निविदा दाता को 05 लाख की अमानत राशि, एफ.डी.आर. के रूप में जो अधिष्ठाता, स्व. श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायगढ़ (छ.ग.) के नाम पर हो, प्रस्तुत करना होगा।
5. व्यक्ति/फर्म को किसी भी संस्था द्वारा पूर्व में ब्लैक लिस्टेड नहीं किया गया है, के संबध में शपथ–पत्र प्रस्तुत किया जाना होगा।
6. व्यक्ति/फर्म का नवीनतम Vat Clearance प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना होगा।

7. व्यक्ति / फर्म का पिछले तीन वर्षों का औसत Turn Over प्रस्तुत किया जाना होगा, जो 05 करोड़ प्रति वर्ष से अधिक हो।
8. व्यक्ति / फर्म द्वारा पूर्व में किसी भी शासकीय / अर्द्धशासकीय / सार्वजनिक संस्था में सी.एस. एस.डी संयंत्र स्थापित किये जाने से संबंधित सूची एवं अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना होगा।
9. व्यक्ति / फर्म के विरूद्ध किसी भी प्रकार का न्यायिक कार्यवाही नहीं चल रहा है, के संबंध में शपथ पत्र प्रस्तुत किया जाना होगा।
10. समस्त नियम एवं शर्तों को स्वीकार करने संबंधी शपथ पत्र प्रस्तुत किया जाना होगा।
11. व्यक्ति / फर्म को आगामी तीन वर्षों तक स्पेयर पार्ट एवं अनुरक्षण कार्य हेतु सेवा प्रदान किया जाना होगा। तत्संबंधी शपथ पत्र के साथ साक्ष्य दस्तावेज निर्माता कंपनी से प्राप्त कर प्रस्तुत करना होगा।
12. यदि व्यक्ति / फर्म अधिकृत विक्रेता / सप्लायर / स्टॉकिस्ट हो तो निर्माता कंपनी का निविदा से संबंधित ऑथोराईजेशन लेटर प्रस्तुत करना होगा।

**तकनीकी एवं कामर्शियल बीड** :–

1. प्रदायकर्ता अपनी कंपनी के स्पेशिफिकेशन जमा करेंगे जिसका परीक्षण क्रय समिति के द्वारा किया जायेगा। परीक्षण में सफल होने पर ही निविदा दाता का पंजीयन हो सकेगा।
2. After Sale Service कम से कम आगामी पाँच वर्षों के लिए प्रदान करने वचन पत्र देना होगा।
3. उपकरणों के Brochure इत्यादि प्रदान किया जाना होगा।
4. आवश्यकता होने पर समिति उपकरणों के भौतिक परीक्षण हेतु निविदादाता द्वारा बताये स्थान पर जा सकती है।
5. Quality Assurance Certificate (ISI/FDA/UL/BS/ISO/CE/IP/BP) प्रस्तुत करना होगा।
6. निर्माता कंपनी का नाम ऑथोराईजेशन लेटर सहित प्रस्तुत करना होगा।

**प्राईज बीड** :–

| Serial No. | Project | Project Cost | Taxes as applicable | Total Amount | Amount (in Words) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |